# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर "बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान" जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**सीकर, (निसं)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा की उपस्थिति में प्रेस ब्रीफिंग एवं कलक्ट्रेट परिसर, सीकर में जिला स्तरीय कार्यक्रम "बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान" (विकास रथों की रवानगी) एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान जन भावना के अनुरूप कार्य किया है तथा इस दौरान सभी बजट घोषणाओं को अमली जामा पहनाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कार्याकाल का दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए इन विकास रथों पर लगी एलईडी पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से पीछले दो साल में राज्य व सीकर जिले में हुए विकास कार्यों, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं घोषणाओं की क्रियान्विति की जानकारी आमजन को दी जा रही है। इस अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इन जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की इस पहल का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि विकास रथ में उपलब्ध सुझाव पेटिका के माध्यम से अपने सुझाव देवें। राज्य सरकार इन सुझावों को आगामी बजट में समाहित करेगी।



प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने प्रेस ब्रीफिंग कर कलेक्ट्रेट परिसर से विकास रथों की रवानगी की।

जिला प्रभारी मंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक पर पूर्णतया अंकुश लगा है तथा इस अपराध में शामिल लोगों को जेल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यकाल के दौरान पर्यावरण शुद्धिकरण के संबंध में भी वृहद स्तर पर कार्य हुए हैं। दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान कुल 20 करोड़ पौधे लगाए जाकर उनका रखरखाव भी अच्छे से किया गया है। उन्होंने कहा कि सीकर में नानी बीड की समस्या का समाधान अगली बारिश से पूर्व कर दिया जाएगा।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराधों पर अंकुश लगा है तथा पुलिस ने मुस्तैदी से कार्य कर अपराधियों को सजा देने का काम भी किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही नगरीय निकाय एवं पंचायती राज के चुनाव का कार्यक्रम तय होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सीकर, चूरू एवं झुंझुनू जिले को यमुना का पानी पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश में पैंथर मूवमेंट को अच्छे से रेगुलेट करने के लिए संपूर्ण राजस्थान में उनकी गणना करवाई जा रही है।

**जिले की दो विधानसभाओं के विकास रथ हुए रवानाः-** कार्यक्रम में धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति में जिले की दो विधानसभाओं सीकर एवं धोद के विकास रथों (एलईडी मोबाइल वैन) को प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि यह विकास रथविधानसभा क्षेत्रों में जाकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 विधानसभा क्षेत्रों के विकास रथों को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था जो अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच गये हैं।

■ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ

इस दौरान उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, कमल सिखवाल, पवन मोदी, गजानंद कुमावत, राजेश रोलन, जितेन्द्र कारंगा, पवन जोशी, मधु कुमावत, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त कलेक्टर रतन कुमार, शहर भावना शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## 143 बालिकाओं को स्वेटर वितरित किये

**रतनगढ़ (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महादेव जालान, रतनगढ़ में लायन्स क्लब प्रेरणा के तत्वावधान में एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट रामवतार पारीक द्वारा अपने पुत्र स्वर्गीय आदित्य विक्रम पारीक की पुण्य स्मृति में विद्यालय की सभी 143 बालिकाओं को सर्दी से बचाव हेतु गर्म स्वेटर वितरित किए गए।कार्यक्रम में प्रेरक एवं अपर लोक अभियोजक जयकांत बिंवाल ने संबोधन में कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। सेवा कार्यों से सामाजिक चेतना सुदृढ़ होती है और जरूरतमंदों तक संवेदना पहुँचती है।इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष संदीप कंदोई, ललित पारीक, एडवोकेट महावीर प्रसाद सिहाग, बार संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार इंदौरिया, कमल गोयनका, संस्था के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान, साबिर अली नजमी, विमल पारीक, वीरेंद्र कुमार बुनकर, एडवोकेट रामवतार ठठेरा, संस्था सचिव रितेश लुण्डिया, भारती मुदगल, भंवरलाल शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा।विद्यालय परिवार के निवेदन पर रामवतार पारीक परिवार द्वारा छात्राओं के बैठने के लिए दो दरियां प्रदान करने की घोषणा भी की गई, जिसका सभी ने स्वागत किया। भानु प्रकाश इंदौरिया द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सार-समाचार

### इन्द्रचंद कंवल तहसीलदार बने

**रतनगढ़ (निसं)।** राजस्थान सरकार के राजस्व मंडल, अजमेर द्वारा जारी तहसीलदार पदोन्नित सूची में रतनगढ़ निवासी इन्द्रचंद कंवल पुत्र स्व. गणेशाराम कंवल को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी से तहसीलदार पद पर पदोन्नत किए जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई। पदोन्नित की सूचना मिलते ही अधिकारियों, समाजबंधुओं और क्षेत्रवासियों ने दूरभाष व अन्य माध्यमों से उन्हें बधाइयाँ प्रेषित की। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार को अंबेडकर नगर स्थित उनके निज निवास पर समाजबंधुओं द्वारा तहसीलदार इन्द्रचंद कंवल का साफा व माला पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक व युवा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। तहसीलदार इन्द्रचंद कंवल ने कहा कि यह पदोन्नित उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करेंगे तथा आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर बडे भाई जगदीश कंवल ने कहा कि इन्द्रचंद कंवल की सफलता पूरे समाज और रतनगढ़ क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों व वक्ताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान नंदलाल झाझडिया, शिवकुमार तलानिया, बाबूलाल, पूर्णमल दानोदिया, सुरेश तंवर, डॉ. शिवानी कंवल, नरेंद्र कुमार गुडानिया गौरव कंवल, सुनील कंवल, सचिन, उज्जवल, श्रवण प्रजापति, छोटू सैनी, राकेश प्रजापति, आनंद मंडार, नथमल कंवल, पत्रकार सूर्य प्रकाश सैनी, दिलीप, युधिष्ठिर, देवेंद्र, सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, सम्मान और सामाजिक एकता का भाव देखने को मिला।

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार और शनिवार को विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। पहले दिन शुक्रवार को सलाद सज्जा, रंगोली तथा कलश सज्जा एवं दूसरे दिन शनिवार को मेहंदी, मांडना तथा इण्डूणी सज्जा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सलाद सज्जा में श्वेता प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय एवं कृष्णा तृतीय, रंगोली में श्वेता और ग्रुप प्रथम, लक्ष्मी और ग्रुप द्वितीय, ऋतु कंवर ग्रुप तृतीय, कलश सज्जा में श्वेता प्रथम, निकिता द्वितीय, सोनू तृतीय, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिया भाटी प्रथम, प्रिया जांगिड़ द्वित्तीय, रुखसार तृतीय एवं इण्डूणी प्रतियोगिता में ऋतु प्रथम, निकिता द्वितीय तथा रीना तृतीय रही। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता तथा पारंपरिक कला एवं संस्कृति से जुड़ी अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने इन गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं सामाजिक सहभागिता का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मंजू चौधरी, डॉ. कविता चौधरी, मीनू, डॉ. संगीता, डॉ. आकांक्षा डूडी, अर्चना गजराज, कंचन शर्मा एवं सभी छात्राएं उपस्थित रही।

### रतनगढ़ नगर कार्यकारिणी का विस्तार

**रतनगढ़ (निसं)।** सनातन सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा के निर्देशानुसार, चूरू जिला अध्यक्ष दिनेश लाहोटी एवं रतनगढ़ नगर अध्यक्ष रमेश मोयल की संयुक्त अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति ने बादल महर्षि को रतनगढ़ नगर महासचिव, सुभाष चंद्र स्वामी को नगर सचिव, विनोद चौमाल को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंशीधर स्वामी को नगर संगठन मंत्री तथा कमल सोनी को नगर कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। यह कार्यक्रम बालाजी टावर, पूजा मार्केट स्थित सनातन सेवा न्यास के चूरू जिला कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में चूरू जिला अध्यक्ष दिनेश लाहोटी सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शंभू दयाल लाटा, नगर उपाध्यक्ष गोविंद खटोड, सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर शर्मा, अभिषेक मारोठिया, कुलदीप सिंवाल, भरत कोका, आकाश मरोठिया एवं प्रवीण व्यास आदि मौजूद रहे।

### रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई

**तारानगर (निसं)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार की योजना की प्रचार एवं जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु तारानगर क्षेत्र के भालेरी ग्राम पंचायत से रथ यात्रा का प्रारंभ किया गया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार व यात्रा प्रभारी वासुदेव चावला ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। उक्त रथ यात्रा का कार्यक्रम आगामी 15 दिवस तक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां और योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रशासन के अधिकारी गण लोगों के सुझाव प्राप्त करने हेतु यात्रा में साथ रहेंगे।

## 'शारीरिक, मानसिक, आध्यात्म व योग संतुलन के लिए खेल आवश्यक है'

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सीसै स्कूल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां की अध्यक्षता, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नेहा झाझड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं गोपाल जांगिड इंस्पेक्टर साइबर ब्रांच, डॉ. योगिता शर्मा प्राचार्या, मुकेश कृष्णियां व्याख्यता, अशोक कुमार सहायक साइबर ब्रांच, इंदू गोदारा शारीरिक शिक्षा विभाग सीकर आदि विशिष्ठ अतिथियों की गौरवमयी उपस्थिति में खेल सप्ताह का विधिवत समापन हुआ। यह खेलकूद प्रतियोगिता एक सप्ताहभर चली। जिसमें कक्षा नर्सरी से नौंवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

समापन समारोह का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया गया। खेल प्रभारी एवं स्कूल प्रशिक्षक आकाश योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले प्रतियोगी एवं सर्वश्रेष्ठ टीम को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता क्रमशः कक्षा नर्सरी से कैरव, ध्रुव व सार्थक कलेक्ट द बेजिटेबल, कक्षा एलकेजी से कुवल, शिफान व एलिजा क्लीन योवर पाथ, कक्षा यूकेजी से आतिफ, विराट व हुजैफा पुट द बॉल ऑन द कॉन, कक्षा एक से अल्मीरा, देवांश, युवांश थ्रस्ट द फ्लैग, कक्षा दो से यशवी, समद व नव्या कारोडिया ग्लास बैलेसिंग, कक्षा तीन से दक्ष शेखावत, रमजान व अक्षय वॉक ऑन प्लेटरस, कक्षा चार से अयान, मोहित व दर्श कॉन बैलेसिंग, कक्षा पांच में बालिका वर्ग में देवांशी, खुशी व शिवानी बॉल बैसेसिंग ऑन प्लेटस व बालक वर्ग में कपिल, सर्फराज, युवराज रन विद पैंसिल साथ कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से अंशुल की टीम विजेता रही व बालिका वर्ग से कंगना की टीम विजयी रही। वहीं खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग से नवल व बालिका वर्ग से रक्षिता की टीम विजेता रही। कार्यक्रम के अध्यक्ष सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

## चूरू विधायक हरलाल सहारण ने विकास रथ को रवाना किया

**चूरू, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान थीम आधारित विकास रथ को चूरू पंचायत समिति परिसर से चूरू विधायक हरलाल सहारण ने हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया।

इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह रथ तहसील के सभी विधानसभा क्षेत्र में जाकर राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों व गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करेंगे और आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। इन विकास रथों में सुझाव पेटिका रखी गई है।

आमजन विकास कार्यों, नीतियों संबंधित नीतियों अपने मूल्यवान सुझाव इसमें दे सकते हैं। प्रदेश सरकार इन सुझावों पर अमल कर विशेष प्रयास करेगी।



प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में "बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान" थीम आधारित विकास रथ को विधायक हरलाल सहारण ने हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया।

निवर्तमान प्रधान दीपचन्द राहड ने बताया कि राज्य सरकार ने गांवों के विकास के लिए काम किया है। इस रथ यात्रा से गांववासियों को विकास कार्यों सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इस अवसर विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार भार्गव, निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विक्रम कोटवाद, बलवीर ढाका, चेतराम सहारण, शिव सिंह चौहान, नवल सिंह, कैलाश, ताराचन्द भांभू आदि सहित पंचायत समिति के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## सेठ सूरजमल साहित्य पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सादुलपुर, (निसं)।** स्थानीय साहित्य समिति के तत्वावधान में सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार जयपुर के प्रख्यात साहित्यकार रत्न कुमार सांभरिया को मोहता पब्लिक स्कूल में मोहता ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी श्रीवर्धन मोहता की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।

शनिवार शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. विमला डुकवाल कुलगुरु कृषि विश्वविद्यालय कोटा, सारस्वत अतिथि प्रेमचंद गांधी वरिष्ठ साहित्यकार जयपुर, विशिष्ट अतिथि अनूपराम तहसीलदार सिद्धमुख, मुख्य वक्ता ब्र. कु. शोभा बहन व स्वागताध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड प्रशासक मोहता संस्थाएं थे। वहीं अतिथियों ने रत्न कुमार सांभरिया को माला, शॉल, श्रीफल, प्रमाण-पत्र, प्रतीक चिह्न व पुरस्कार राशि पचास हजार का चैक प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. डुकवाल ने साहित्य को सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम बताते हुए साहित्यकार के श्रम को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। सारस्वत अतिथि गांधी ने सांभरिया के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शुरू

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)।** मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरूषोतम मिश्रा व्यवस्थापक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ने देश के नवनिर्माण में युवा वर्ग की भूमिका विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। युवा वर्ग शिक्षित बन कर सामाजिक सेवा, सुधार, जागरूकता अभियान में सहयोग करें और हमारी प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ हिना अरोडा प्राचार्य गोयनका पब्लिक स्कूल ने महिला शिक्षा एवं सुरक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए बालिका शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष बल देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम सत्र की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अर्चना शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना को उच्च शिक्षा कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए व्यक्तित्व निर्माण एवं सामुदायिक सेवा व टीम भावना के लिए प्रेरित किया।

इकाई प्रथम की प्रभारी रजनी जोशी ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मंच संचालन किया। छात्राओं ने वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया। मोनिका महला ने पर्यावरण संरक्षण और मनीष पारीक ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने विचार व्यक्त किए।

## भवानी शंकर तहसीलदार पद पर पदोन्नत

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)।** राजस्व मंडल अजमेर की ओर से वर्ष 2024-25 कुछ तहसीलदार पद के लिए हुई रिव्यू विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक के बाद जारी सूची में नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर रिव्यू किया गया है।

यहां लक्ष्मणगढ उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हुए नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा को तहसीलदार पद पर पदोन्नति दी गई है।

शर्मा को यह पदोन्नित 01 अप्रैल 2024 से तहसीलदार पद पर विभागीय पदोन्नित दी गई है। राजस्व मंडल अजमेर ने यह आदेश 11 दिसंबर 2025 को जारी किया गया जिसमें 196 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर रिव्यू किया गया है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-II/TRUST/2025/135 चूंकि प्रार्थी श्री AMIT MEHARDA S/O BANWARI LAL MEHARDA, 24, SECTOR NO. 4 JAWAHAR NAGAR, JAIPUR 302004 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास खेतडी KHETRI VIKAS SAMITI KHETRI VINODINI P.G. COLLEGE, VILLAGE RAJOTA TEHSIL KHETRI, JHUNJHUNU, RAJ. 333503 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 18.02.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय


# डबल इंजन की सरकार ने विकास को गति देकर नए आयाम स्थापित किए

**चूरू (निसं)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में सड़क सुरक्षा अभियान का जिला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, बसंत शर्मा, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की और राहवीरों का सम्मान किया तथा विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतकों, घायलों को सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसी के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों की पालना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाकर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपिल करते हुए कहा कि हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को भी ठीक करने के प्रयास व उपचारात्मक कार्य किए जाएंगे। निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संवेदनशील सरकार ने सड़क सुरक्षा के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने सोशल मीडिया स्टंट करने वाले वाहन चालकों को लेकर चिंता व्यक्त की और युवाओं को इससे दूर रहने की नसीहत दी। बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राजस्थान के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दी। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में आधारभूत ढ्रांचे, सडक नेटवर्क और यातायात व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि सड़क पर चलते समय अनुशासन बनाए रखें और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित परिवहन को बढ़ावा दें।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति मिली है तथा सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने युवाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में ड्राइविंग सीखने, यातायात नियमों की पालना करने एवं सुरक्षित यात्रा को अपनाने का आव्हान किया। डीटीओ नरेश कुमार बसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सड़क सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं जन-जन तक सड़क सुरक्षा संदेश पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिले में निरंतर जागरूकता रैलियां, कार्यशालाएं एवं प्रचार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित हो सके। एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी व नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, राहवीर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अतिथियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## शिविर में चयनित मरीजों के ऑपरेशन शुरू

**तारानगर (निसं)।** पूजनीय परम पिता शाह सतनाम जी महाराज की पावन स्मृति में आयोजित 34वें याद-ए-मुर्शिद फ्री आई कैंप के तहत शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल सिरसा में शनिवार को चयनित मरीजों के नेत्र ऑपरेशन का सिलसिला शुरू हो गया। इसकी शुरुआत डेरा सच्चा सौदा की प्रबंधन समिति के सदस्यों और डॉक्टरों ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा इलाही नारे और अरदास के साथ की। अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गर्ग इन्सां, डॉ. गीतिका इन्सां, डॉ. ललित व डॉ. अवनीश सहित अन्य चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ऑपरेशन के लिए अस्पताल में दो आधुनिक ऑपरेशन थिएटर बनाए गए हैं, जिन पर चार टेबल पर 4 नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ऑपरेशन कर रहे हैं। कैम्प में जांच के दूसरे दिन तक 6017 मरीजों के आंखों की जांच हो चुकी है तथा 600 मरीजों को चश्में और 1400 से अधिक को दवाइयां दी गई है। 121 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है. जिसमें से 35 चयनित मरीजों के ऑपरेशन हो चुके है। ऑपरेशन के बाद मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में ही महिला और पुरुष मरीजों के अलग-अलग मेडिकल वार्ड बनाए गए हैं, जहां उन्हें ठहराया गया है। पैरामेडिकल स्टाफ दवाइयां देने सहित अन्य मेडिकल सुविधाएं प्रदान कर रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

No. - Comml/E-auction/2025/52 Date: 12.12.2025

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य की अवधि | कैटरिंगः- 5 वर्ष | |
| 2. | लोट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | दिनांकः- 17.12.2025 समयः- 15:00 बजे से | |
| 3. | स्टेशन | PF | श्रेणी |
| (i) | सुजानगढ़ | 1 | GMU-Women |
| (ii) | सुजानगढ़ | 1 | GMU-General/N |
| (iii) | बाड़मेर | 1 | SMU-Women/SC |
| (iv) | बाड़मेर | 1 | SMU-FF/WW |
| (v) | बालोतरा | 1 | SMU-Minorities |
| (vi) | राई का बाग | 2 | SMU-PBPL |
| (vii) | नोखा | 1 | SMU-SC |
| (viii) | बाड़मेर | 2/3 | SMU-SC |
| (ix) | राई का बाग | 1 | SMU-OBC |
| (x) | नागौर | 2 | SMU-ST |
| (xi) | जैसलमेर | 2/3 | SMU-PBPL |
| (xii) | मकराना | 1 | SMU-ST |
| (xiii) | राई का बाग | 1 | SMU-SC/Women |
| (xiv) | राई का बाग | 2 | SMU-Divyang |
| (xv) | पाली मारवाड़ | 2 | SMU-FF/WW |
| (xvi) | जैसलमेर | 1 | SMU-ST/Women |
| (xvii) | मकराना | 1 | SMU-ST/Women |
| (xviii) | नोखा | 2 | SMU-FF/WW |

/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 1605-CR/25